- बार-बार आये शब्दों को ढूंढना।
- **बोल गोल मोल** ... ऐसी ध्वनि के और शब्द बोलना इन्हें शिक्षक तख्ते पर लिखें बच्चे पढ़ें।
- ो की मात्रा लगाकर/हटाकर पढ़ना। बल बोल गोल गल
  मर मोर नोट नट
- पृष्ठ 39, 57,59 की तरह के अभ्यास करना
- रंग, (लाल नीला काला) आकार (बड़ा-चोटा आदि की ऐसी कविताएं बना कर कराना।

*नोट - ऐसी कविताएँ जिनमें बच्चों को खुद से सोच कर जोड़ने के मौकें हों, उनके आत्म विश्वास और तर्क शक्ति बढ़ाने के लिये महत्वपूर्ण हैं। कविता संग्रह में ऐसी कई कविताएँ हैं - जैसे क्या है काला - क्या सफेद, लाल लाल आदि अक्सर चीजों का एक आयाम गोल और दूसरा लंबा होता है ,जैसे बेलन या पेन का- इन्हें दोनों समूहों में डाला जा सकता है। जैसे लौकी लंबी लौकी गोल।*

इस पन्ने पर आपने कौन सी गतिविधियाँ कराई-

| दिनांक | गतिविधि | दक्षताएँ | समय | सामग्री |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

आपने इस पन्ने पर अपनी तरफ से कौन सी नई गतिविधियाँ बनाई व कराई (संक्षिप्त विवरण)

आपको व बच्चों को कौन सी गतिविधियों में ज्यादा मज़ा आया? किनमें दिक्कत आई?

# मेरा स्कूल

*सुझाई गई गतिविधियाँ केवल सुझाव मात्र हैं। इन्हे बदल कर भी कराया जा सकता है। इनके अलावा और गतिविधियाँ भी सोचें व कराएँ*

*- सभी गतिविधियाँ लगातार एक के बाद एक न कराएं। अगले पन्नों की कुछ गतिविधियाँ करके वापस इस पन्ने पर लौटें।*

*- ठोस वस्तुओं व कार्डों का अधिक से अधिक उपयोग करें।*

*- बच्चों को बोलने के पर्याप्त मौके दें। मौलिकता व कल्पनाशीलता पर ज़ोर दें। शुद्ध उच्चारण व भाषा की अपेक्षा कम करें। मातृ भाषा के उपयोग को न रोकें-टोकें।*

## गतिविधियाँ -

- घर एवं स्कूल के बारे में चर्चा करना - कहाँ हैं? आसपास क्या क्या है? घर में क्या-क्या है? कौन कौन हैं? स्कूल में क्या है? कौन है- कितने बच्चे, कक्षा, गुरूजी? स्कूल के आसपास क्या है? घर से स्कूल कितनी दूर है? रास्ते में क्या-क्या दिखता हैं?
- घर व आसपास का चित्र ऊपर बाएँ हाथ पर बनाना। स्कूल तक जाने के रास्ते में दिखने वाली चीजों



# मेरा स्कूल

का चित्र बनाना। नीचे दाएँ हाथ पर स्कूल का चित्र बनाना।

- घर व बाकी चित्रों के नीचे उनका नाम लिखना, अपना नाम लिखना। लिखने में मदद की जरूरत हो तो शब्द चित्र कार्ड ढूंढ कर लिखना या बच्चे चीजों के नाम बोलें और शिक्षक तख्ते पर लिखते जाएं बच्चे देखकर लिखें।
- चित्र बन जाएँ तो चित्रों पर चर्चा- क्या बनाया? क्या कर रहा है आदि?
- पट्टी पर भी ऐसे चित्र बनाना- मिट्टी में घर व आसपास, स्कूल व आसपास का माडल बनाना।

*नोट - यह अनुभव जगह की समझ का एक महत्वपूर्ण भाग है- कौन सी चीज कहां है बात करना, सोच कर देखकर- मिट्टी के माडल व चित्र बनाना। यदि बच्चों को चित्र बनाने के लिए देखने की जरूरत हो तो देखने दें।*

इस पन्ने पर आपने कौन सी गतिविधियाँ कराईं-

| दिनांक | गतिविधि | दक्षताएँ | समय | सामग्री |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

आपने इस पन्ने पर अपनी तरफ से कौन सी नई गतिविधियाँ बनाईं व कराईं (संक्षिप्त विवरण)

आपको व बच्चों को कौन सी गतिविधियों में ज्यादा मज़ा आया? किनमें दिक्कत आई?

# लडडू

*सुझाई गई गतिविधियाँ केवल सुझाव मात्र है। इन्हें बदल कर भी कराया जा सकता है। इनके अलावा और गतिविधियाँ भी सोचें व कराएँ।*
*- सभी गतिविधियाँ लगातार एक के बाद एक न कराएँ। अगले पन्नों की कुछ गतिविधियाँ करके वापस इस पन्ने पर लौटें।*
*- ठोस वस्तुओं व कार्डों का अधिक से अधिक उपयोग करें।*
*- बच्चों को बोलने के पर्याप्त मौके दें। मौलिकता व कल्पनाशीलता पर ज़ोर दें। शुद्ध उच्चारण व भाषा की अपेक्षा कम करें। मातृ भाषा के उपयोग को न रोकें-टोकें।*

## गतिविधियाँ -

- मिट्टी से मिठाइयाँ बनाकर हलवाई की दुकान का खेल हो जिसमें खिलौने तराजू व झूठमूठ के रूपये का उपयोग कर सकते हैं।
- नीचे दिये गये चित्र पर चर्चा
- 9 तक कंकड़ों के समूहों को अलग-अलग तरह से रखकर गिनना जैसे



- समूह के लिये सही अंक कार्ड ढूंढना- यह गतिविधि दो समूहों के बीच खेल के रूप में हो सकती है- एक समूह किसी संख्या को कंकड़ों से दिखाए, दूसरा सही अंक कार्ड दिखाए।
- हर समूह में एक-एक जोड़ना और अंक कार्ड ढूंढना।
- ऊपर वाली लाईन में डिब्बे में जितने लड्डू हैं, लाईन की सभी थालियों में उतने लड्डू जोड़ना जिससे वह डिब्बे की थाली के बराबर हो जाएँ।
- बीच की लाईन की थालियों में जितने लड्डू है ऊपर खाली जगह में अंक लिखना।
- हर थाली में एक लड्डू और बनाएँ फिर गिन कर नीचे की खाली जगह में लिखें।
- बीच की लाईन की सबसे कम लड्डू वाली थाली पर 0 और सबसे अधिक लड्डू वाली थाली पर × निशान लगाएँ।
- नीचे अर्ध घेरे में बने लड्डू की थालियों में लड्डू गिनकर उनके नीचे खाली जगह में संख्या लिखना।

बीच वाली थालियों को उनके बराबर को नीचे वाली थालियों से जोड़ना (लाईन खींचकर)
- नीचे की थालियों में एक लड्डू को पत्ती से ढंककर, जितने, बचे, उतना अंक ऊपर लिखना।

*नोट - इस पन्ने में संख्या से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण अवधारणाएं हैं। ( 1 )यदि वस्तुओं के समूह में जोड़ें- घटाएँ नहीं तो वस्तुओं को कैसे भी रखें उनकी मात्रा वही रहती है।( 2 )एक ज्यादा और एक कम की अवधारणा ( 3 )संख्या क्रम।*
*इस पन्ने में ये तीन महत्वपूर्ण बाते हैं।*

इस पन्ने पर आपने कौन सी गतिविधियाँ कराई-

| दिनांक | गतिविधि | दक्षताएँ | समय | सामग्री |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |


आपने इस पन्ने पर अपनी तरफ से कौन सी नई गतिविधियाँ बनाई व कराई (संक्षिप्त विवरण)


---

आपको व बच्चों को कौन सी गतिविधियों में ज्यादा मज़ा आया? किनमें दिक्कत आई?

---

# लड्डू






# चिड़िया











1

2

3

4

5

# चिड़िया

*सुझाई गई गतिविधियां केवल सुझाव मात्र हैं। इन्हे बदल कर भी कराया जा सकता है। इनके अलावा और गतिविधियां भी सोचें व कराएं।*
*- सभी गतिविधियाँ लगातार एक के बाद एक न कराएं। अगले पन्नों की कुछ गतिविधियां करके वापस इस पन्ने पर लौटें।*
*- ठोस वस्तुओं व कार्डों का अधिक से अधिक उपयोग करें।*
*- बच्चों को बोलने के पर्याप्त मौके दें। मौलिकता व कल्पनाशीलता पर ज़ोर दें। शुद्ध उच्चारण व भाषा की अपेक्षा न करें। मातृ भाषा के उपयोग को न रोकें-टोकें।*

## गतिविधियाँ -

- आसपास-चिड़ियाँ कहाँ-कहाँ घोंसला बनाती हैं? घोंसले किन चीजों के बने होते हैं। कौन कौन सी चिड़िया पहचानते हो? नाम?

मिट्टी से चिड़िया, अंडे और घास से घोंसला बनाना।

चिड़िया के बारे में कहानी/कविता, किस्से सुनना/ सुनाना।

पन्ना ध्यान से देखना, हर चित्र पर स्वतंत्र बातचीत। पन्ने पर उनका क्रम क्या हो सकता है। बच्चे मौखिक तौर पे क्रम में लगाएं। हर चित्र के खाने में क्रम नंबर लिखें। (पहले क्या, फिर क्या) आखिर में कौन सा चित्र होगा?

- बच्चे चित्र के बारे में एक दो वाक्य बोलें - शिक्षक तख्ते पर लिखें और फिर बच्चे उसे पन्ने पर चित्र के नीचे लिखें।

- आसपास की घटनाओं को क्रम से देखना। कहानी के रूप में समझना/समझाना: जैसे रोटी सेंकना, रोटी खाना, आटा गूंथना, रोटी बेलना, इसमें पहला होगा- आटा गूंथना फिर रोटी बेलना फिर सेकना, खाना। ऐसे और अभ्यास करना।

- खाली डिब्बों में सही क्रम में चित्र बनाना।

***नोट - यह पर्यावरण में घटित क्रम पर आधरित है। जीवन में ऐसे कई क्रम होते हैं जो चक्र के रूप में होते हैं- मौसम, पानी का गिरना, दिन रात आदि। क्रम सही होना चाहिए शुरू चाहे कहीं से करें। अंडे, अंडे सेना, अंडे में से बच्चे निकलना एक के बाद एक होगा। दाना चुगना और उड़ना आगे पीछे हो सकते हैं ,चूंकि चित्रों से स्पष्ट नहीं है कि चिड़ियां बड़ी हुई या नहीं।***

***- इसी प्रकार पौधे, कीड़े आदि के जीवन में क्रम देखने के मौके दें।***

इस पन्ने पर आपने कौन सी गतिविधियाँ कराईं-

| दिनांक | गतिविधि | दक्षताएँ | समय | सामग्री |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| | | | | |
| | | | | |

आपने इस पन्ने पर अपनी तरफ से कौन सी नई गतिविधियाँ बनाईं व कराईं (संक्षिप्त विवरण)

आपको व बच्चों को कौन सी गतिविधियों में ज्यादा मज़ा आया? किनमें दिक्कत आई?